मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः24.04.2025

थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत मोबाइल दुकान से हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण, 02 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की 05 अदद मोबाइल, 02 ईयरबड्स व ₹ 2440/- नगद बरामद —

थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर पर दिनांकः22.04.2025 को वादी आशीष पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी बुढ़ादेई थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात के विरूद्ध ग्राम मेहंदीपुर स्थित वादी की मोबाइल की दुकान से05 अदद मोबाइल, 02 अदद ईयरबड्स व ₹ 2500/- नगद चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर मु0अ0सं0-86/2025 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त चोरी की घटना को गंभीरता पूर्वकलेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन-ओ0पी0सिंह व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन-मुनेन्द्र पाल के नेतृत्व में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए यथाशीघ्र अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा चोरी के सामानों की बरामदगी कराये जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना अहरौरा को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में पतारसी-सुरागरसी एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित करते हुए अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांकः23.04.2025 को थाना अहरौरा पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर चोरी की घटना कारित करने वाले प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों 1. अमरजीत सिंह पुत्र निगम सिंह व 2.पर्वत पटेल पुत्र स्व0पोतन सिंह निवासीगण मोहरपुर थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की 05 अदद मोबाइल, 02 अदद ईयरबड्स व ₹ 2440/- नगद बरामद किया गया। थाना अहरौरा पुलिस द्वारा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1.अमरजीत सिंह पुत्र निगम सिंह निवासी मोहरपुर थाना अहरौरा जनपदमीरजापुर, उम्र करीब-20 वर्ष।

2.पर्वत पटेल पुत्र स्व0पोतन सिंह निवासी मोहरपुर थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-18 वर्ष।

विवरण बरामदगी —

05 अदद मोबाइल फोन(04 अदद ओप्पो व 01 अदद लावा)

02 अदद ईयरबड्स।

चोरी की धनराशि ₹ 2440/- नगद।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-86/2025 धारा 305,331(4),317(2) बीएनएस थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

ग्राम मोहरपुर से, दिनांकः23.04.2025 को समय 15.30 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक अमरनाथ यादव थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

मुख्य आरक्षी आशीष कुमार राय, नरेन्द्र सिंह, शशिप्रताप सिंह व आरक्षी संजय सिंह।

अजय सेठ
प्रभारी निरीक्षक